तापमान
अधिकतम 32.1 डिग्री
न्यूनतम 13.2 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, गुरुवार, 27 फरवरी, 2025


11 महा शिवरात्रि पर्व पर मंदिरों में किया जलाभिषेक



12 तीन गुणा तेज गति से काम करेगी सरकार : सीएम नायब सिंह सैनी



## खबर संक्षेप



### शिविर में 52 युवाओं ने रक्तदान किया

**खरखौदा।** गांव सिसाना स्थित दादा धनकधारी ढीक्कन वाला नारायण आश्रम में महाशिवरात्रि के अवसर पर रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर, दंत जांच शिविर और भंडारे का आयोजन किया गया। शिविर में 52 स्वयंसेवकों ने रक्तदान किया। वहीं दंत जांच शिविर में 200 लोगों के दांतों की जांच की गई और स्वास्थ्य जांच शिविर में 350 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस मौके पर ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ अजय रोहतक, संयोजक पारुल दहिया, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुमन धनखड़, आशीष दहिया, नवीन खांडा ,अखिल सेहरी, सत्यवीर कृष्ण मौजूद रहे।

### गांव लाठ से सोलर प्लांट का स्टार्टर चोरी

**गोहाना।** गांव लाठ में कप्तान के खेत में लगे सोलर प्लांट का स्टार्टर चोरी कर लिया। सदर थाना गोहाना में मामला दर्ज किया गया। कप्तान ने पुलिस को बताया कि उसने अपने खेत में चोवा तोड़ने के लिए सोलर प्लांट लगवा रखा है। वह खेत में गया तो स्टार्टर नहीं मिला।

# पानी को तरसी मिर्च मंडी, नहीं लगा बूस्टर, सड़क की हालत भी बदहाल

## विधायक से की समाधान की मांग, आश्वासन के बाद भी नहीं उठाया कदम

- हर गुरुवार को पानी की आपूर्ति बंद कर दी जाती है शनिवार को सुबह 5 बजे होती है पानी की सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मिर्च मंडी, वार्ड नंबर 15 में पानी की सप्लाई को लेकर लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी एवं शिव सेवा समिति, सोनीपत के संस्थापक महासचिव प्रहलाद गोयल ने इस समस्या को लेकर नगर निगम और जनप्रतिनिधियों से तत्काल समाधान की मांग की है। गोयल ने बताया कि चुनाव के दौरान जनता को यह आश्वासन दिया गया था कि एक नया बूस्टर स्थापित किया जा रहा है, जिससे पूरे सोनीपत में पानी की समस्या दूर हो जाएगी। लेकिन महीनों बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। मिर्च मंडी क्षेत्र में पानी की सप्लाई अनियमित है, जिससे स्थानीय लोग बेहद परेशान हैं। उन्होंने कहा कि हर सप्ताह गुरुवार को पानी की आपूर्ति पूरी तरह से बंद रहती है, जबकि शनिवार को सुबह 5 बजे पानी आता है। कई बार लोग इस समय सो रहे होते हैं, जिससे उन्हें पानी नहीं मिल पाता। यह समस्या खासकर कामकाजी और वृद्ध लोगों के लिए और भी मुश्किलें खड़ी कर रही है। प्रहलाद गोयल ने बताया कि प्रभु नगर मंडी ग्रीन लाइट के सामने की सड़क का बुरा हाल है। इस संदर्भ में भी शीघ्र समाधान की मांग उठाई है।



**सोनीपत।** प्रभु नगर की सड़क की खस्ताहालत।

### बिजली कटौती भी समस्या की जड़

जल विभाग ने पानी की आपूर्ति को कई ट्रांसफार्मरों के बिजली सप्लाई से जोड़ा हुआ है। यदि किसी एक ट्रांसफार्मर की बिजली चली जाती है, तो पूरे क्षेत्र में पानी की आपूर्ति प्रभावित होती है। जब इस समस्या को अधिकारियों के संज्ञान में लाया जाता है, तो समाधान के बजाय जवाब दिया जाता है कि "हम केवल एक एरिया की लाइट जाने पर पूरे शहर की पानी की सप्लाई बंद नहीं कर सकते।" गोयल ने विधायक निखिल मदान और नगर प्रशासन से अनुरोध किया है कि इस गंभीर समस्या का शीघ्र समाधान निकाला जाए, ताकि स्थानीय निवासियों को नियमित और पर्याप्त पानी मिल सके।

## पुरखास रोड खस्ताहाल, भड़के ग्रामीण, जल्द समाधान की मांग

**सोनीपत।** जनसंपर्क अभियान के तहत जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने जहरी गांव से लेकर चटिया गांव तक के ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। ग्रामीणों ने सबसे बड़ी समस्या पुरखास रोड की बदहाल स्थिति को बताया, जिससे उन्हें रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के कारण सड़क पर गड्ढे और कीचड़ हो जाने से आवाजाही मुश्किल हो गई है। ग्रामीणों ने जिला पार्षद से कहा कि इस टूटी हुई सड़क के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को जोखिम उठाना पड़ता है। एक दर्जन से अधिक गांवों के लोग इस सड़क का उपयोग करते हैं, लेकिन प्रशासन ने अभी तक इसकी सुध नहीं ली है। इस मुद्दे पर जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि प्रशासन से लगातार बातचीत चल रही है और शुक्रवार तक सड़क निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा। यदि प्रशासन ने तय समय तक काम शुरू नहीं किया, तो शनिवार को ग्रामीणों के साथ धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिकारियों से लगातार संपर्क में हैं और एक्सईएन पंकज गौड़ ने आश्वासन दिया है कि जल्द से जल्द सड़क का कार्य शुरू कराया जाएगा। बड़वासनिया ने कहा कि जनता की समस्याओं को हल करवाया जाए।



**सोनीपत।** ग्रामीणों के बीच पहुंचें जिला पार्षद संजय बड़वासनिया।

### 28 फरवरी को होगा सोनीपत बार एसोसिएशन का चुनाव

# बार चुनाव की चौधर के लिए दो प्रत्याशी मैदान में डटे, अजय ने नाम वापस लिया

- अधिवक्ता कमल हुड्डा व अनिल ढुल में होगा मुकाबला
- मतदान के दिन बार काउंसिल पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट की ओर से जारी पहचान पत्र व आधार कार्ड रखना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

बार एसोसिएशन चुनाव की तैयारियों के बीच प्रधान पद के प्रत्याशी अजय दहिया ने चुनाव नहीं लड़ने का फैसला लिया है। अब सोनीपत बार में प्रधान पद के लिए दो प्रत्याशी मैदान में हैं। जिससे चुनाव में सीधी टक्कर देखने को मिलेगी।

वरिष्ठ चुनाव अधिकारी अनूप दहिया ने बताया कि सोनीपत बार एसोसिएशन का चुनाव 28 फरवरी को होना है। मतदान सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक किया जाएगा। उसके बाद मतगणना होगी और उसी दिन चुनाव परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि चुनाव में प्रधान पद के लिए तीन प्रत्याशी मैदान में थे। जिसमें से अजय दहिया ने अब चुनाव नहीं लड़ने की बात कही है। उन्होंने नामांकन वापसी के दिन पारिवारिक परेशानी का हवाला देकर नामांकन वापसी नहीं ले पाने की बात कही है। प्रधान पद के दो अन्य प्रत्याशियों अनिल ढुल व कमल हुड्डा से बातचीत कर सहमति से उनका नामांकन वापस मान लिया गया है। प्रधान पद पर दो ही प्रत्याशी मैदान में अनिल ढुल व कमल हुड्डा के बीच चुनाव होगा।

### निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव होंगे

अनूप दहिया ने कहा कि चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण कराने के लिए सभी जरूरी इंतजाम कर लिए गए हैं। मतदान के लिए अधिवक्ताओं को अपने पास बार काउंसिल पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट की ओर से जारी पहचान पत्र व आधार कार्ड रखना होगा। बोगस या फर्जी मतदान का प्रयास करने पर आपराधिक मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। मतदान स्थल पर मोबाइल या कैमरा नहीं ले जा सकेगा। साथ ही पेन, पेंसिल व इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लेकर जाने पर रोक लगाई है। ज्वलनशील पदार्थ व हथियार नहीं लेकर नहीं जा सकते। चुनाव सीसीटीवी की निगरानी में होगा।

### अन्य पदों के लिए इनमें होगी टक्कर

इसके अलावा उप प्रधान पद के लिए अमित कुमार मलिक, सोनू भारद्वाज व कुलदीप दहिया, सचिव पद के लिए संदीप खर्ब, रजनीश मलिक, रविंद्र कुमार शर्मा व अंकित त्यागी और खजांची पद के लिए प्रदीप व प्रवीन कुमार ढिल्लो के बीच मुकाबला होगा।

## शादी में गई महिला संदिग्ध हालत में लापता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

बहालगढ़ थाना क्षेत्र के गांव बड़ौली में शादी समारोह में गई महिला के संदिग्ध हालत में लापता होने के आरोप का मामला सामने आया है। महिला के पति ने पुलिस को शिकायत देकर अज्ञात पर बंधक बनाकर रखाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस महिला की तालश के प्रयास कर रही है। गांव बड़ौली निवासी जगबीर ने बताया कि वह मेहनत-मजदूरी का कार्य करता है। उसकी शादी करीब 16 साल पहले मंजी निवासी नौल्था के साथ हुई थी। शादी के बाद उसके पास दो लड़के है। उसकी पत्नी दिन में करीब तीन बजे पड़ोस में आयोजित शादी समारोह में शिरकत करने के लिए गई थी। उसके बाद वापस नहीं लौटी। उसके बाद मंजीत की तलाश की तो जानकारी मिली कि वह खाना-खाने लगी थी। उसके बाद बैंक में खाता खुलवाने की बात कहकर चली गई। मंजीत को आसपास के क्षेत्र में हर जगह तलाश किया, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। बहालगढ़ थाना पुलिस ने इस संबंध मं मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई अनिल कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जार रही है। जल्द से जल्द महिला की तलाश कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

एसएजी यूनिट सेक्टर-7 टीम ने अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रोहित उर्फ लाडला निवासी गांव ठरू उल्देपुर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। टीम में तैनात सिपाही कृष्ण ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान मुरथल चौक जीटी रोड पर मौजूद थी। उसी दौरान अवैध हथियार सहित युवक के आने की सूचना मिली। टीम ने एक युवक को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान अवैध पिस्तौल व जिंदा रौंद बरामद हुआ। आरोपित पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया। टीम ने उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।



**सोनीपत।** गिरफ्तार आरोपित पुलिस टीम के साथ।

### ट्रांसफार्मर से क्वाइल और तेल चोरी

**गोहाना।** गांव भैंसवान खुर्द में रामफल के खेत में लगे बिजली ट्रांसफार्मर से क्वाइल व तेल चोरी कर लिया गया। उसने बिजली निगम के अधिकारियों को सूचित किया। एसडीओ सुशील कुमार की शिकायत पर बरोदा थाना में मामला दर्ज किया गया। रामफल खेती करता है और उसने सिंचाई के लिए बिजली निगम से ट्यूबवेल का कनेक्शन ले रखा है। निगम द्वारा उसके खेत में 10 केवी का ट्रांसफार्मर लगाया गया था, जिससे सामान चोरी किया गया।

## हमले में कबड्डी खिलाड़ी बुरी तरह घायल, 4 पर केस दर्ज

**गन्नौर।** गुमड़ से वापिस घर लौटते रहे कबड्डी खिलाड़ी व उसके साथियों पर स्कार्पियो में सवार हो कर आए बदमाशों ने लोहे की राड व लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में खिलाड़ी व उसके साथी घायल हो गए। गांधी नगर के रहने वाले साहिल गुमड़ गांव के अजय के साथ कबड्डी खेलता था। 20 फरवरी को वह गुमड़ गांव के रिकी के साथ गाड़ी में गुमड़ गांव जा रहे थे। जब वे गुमड़ रोड पर पहुंचे तो गाड़ी ओवरटेक करने को लेकर उनकी अजय और मोदी निवासी गुमड़ के साथ कहासुनी हो गई। 23 फरवरी की शाम साहिल अपने दोस्त सागर, अरुण और आकाश के साथ गुमड़ से गन्नौर लौट रहा था। जब वे अजीत के खेत के पास पहुंचे तो स्कार्पियो से आए अजय, मोदी, मोहित और एक अन्य ने हमला कर दिया।



### लोहे की राड से वार किया

अजय ने लोहे की राड से साहिल की टांग पर वार किया, मोदी ने डंडे से छाती पर मारा और मोहित ने थप्पड़ जड़ा। हमलावरों ने साहिल के साथियों पर भी हमला किया। मारपीट के बाद हमलावर उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। हमले में घायल साहिल को खानपुर रेफर कर दिया। पुलिस ने साहिल की शिकायत पर आरोपित अजय, मोदी, मोहित निवासी गुमड़ सहित एक अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### तैयारी पूरी, जिले में बनाए गए हैं 76 परीक्षा केंद्र

# आज से शुरू होंगी बोर्ड परीक्षाएं, क्यूआर कोड वाला होगा प्रश्नपत्र, स्कूल ड्रेस में आएंगे छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

वीरवार से शुरू हो रही हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा के लिये जिले भर में 76 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। वीरवार को परीक्षाएं 12वीं की अंग्रेजी विषय की परीक्षा से शुरू होगी। परीक्षाओं में नकल पर नकेल लगाने के लिये विभागीय स्तर पर तैयारियां की जा चुकी हैं। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी लगाए गए हैं, ताकि परीक्षाएं तीसरी आंख की देखरेख में संपन्न हों। वहीं परीक्षार्थियों को स्कूल पोशाक में स्कूल पहचान पत्र, आधार कार्ड, सत्यापित एडमिट कार्ड व लेखन सामग्री लाने के निर्देश दिए गए हैं। बता दें कि बोर्ड परीक्षा को लेकर जिले में बनाए गए 76 परीक्षा केंद्रों में 14 संवेदनशील व सात अति संवेदनशील की श्रेणी में शामिल किए गए हैं। अति संवेदनशील परीक्षा केंद्र गोहाना खंड में हैं। यहां बनाए गए 22 परीक्षा केंद्रों में कथूरा, भैंसवाल कला सहित पांच परीक्षा केंद्र अति संवेदनशील हैं। जबकि 14 संवेदनशील केंद्रों में से पांच गोहाना में ही हैं। ऐसे में शिक्षा विभाग की गोहाना पर पूरी नजर रहेगी। परीक्षाओं का समय दोपहर 12:30 बजे से 3:30 बजे तक रहेगा। परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा। शिक्षा विभाग ने नकल रहित परीक्षा संचालित करवाने के लिए कड़े प्रबंध किए है। प्रवेश-पत्र पर क्यूआर कोर्ड के सत्यापन के बाद ही विद्यार्थियों को प्रवेश मिलेगा। क्यूआर कोड को स्कैन कर परीक्षार्थी की फोटो व अन्य विवरण की जांच की जाएगी।

### छह उड़नदस्ते गठित, रखंगे निगरानी

बोर्ड परीक्षाओं को नकल रहित संचालित करने के लिए व्यापक कदम उठाए गए हैं। नकलचियों पर लगाम कसने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी सहित उड़नदस्ता की छह टीमें गठित की गई हैं। इनमें सभी एसडीएम फ्लाइंग के साथ ही बोर्ड की क्वेश्चन पेपर फ्लाइंग भी शामिल रहेगी। यह उड़नदस्ता टीमें परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करेंगी। पिछले वर्ष सिर्फ बोर्ड की उड़नदस्ता टीमों ने ही केंद्रों का निरीक्षण किया था। उड़नदस्ता टीमों के साथ सीसीटीवी से भी नजर रखी जाएगी। बाहरी हस्तक्षेप रोकने के लिए पुलिस बल तैनात रहेगा।

### 14 हजार से अधिक विद्यार्थी देंगे पेपर

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा की परीक्षाएं 27 फरवरी से शुरू होकर 02 अप्रैल को संपन्न होंगी। जबकि 10वीं कक्षा की परीक्षाएं 28 फरवरी से शुरू होकर 19 मार्च तक चलेंगी। जिले में दोनों कक्षाओं के 14 हजार 986 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे, इनमें 10वीं कक्षा के 8456 व 12वीं के 6530 विद्यार्थी शामिल हैं। दोनों कक्षाओं का परीक्षा का समय दोपहर 12:30 बजे से 3:30 बजे तक रहेगा।



## खबर संक्षेप



सोनीपत। नेपाल में पहुंचीं एनसीसी कैडेट मीनल का स्वागत करते अधिकारी।

### कैडेट मीनल नेपाल में कर रही भारत का प्रतिनिधित्व

**सोनीपत।** हिंदू गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत की एनसीसी कैडेट एसयूओ मीनल नेपाल में आयोजित युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम (वाईईपी) में भारत का प्रतिनिधित्व कर रही है। यह कार्यक्रम 21 फरवरी से 4 मार्च 2025 तक चलेगा। कॉलेज की एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट नीतू नसीयर ने बताया कि सीनियर अंडर ऑफिसर मीनल सहित 2 डेलीगेट्स और 16 कैडेट्स की टीम नेपाल में है, जो नेपाली सेना दिवस और महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में भाग ले रही हैं। जिनका नेपाल के प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री, सेना प्रमुख और डीजी एनसीसी ने स्वागत किया है। यह कार्यक्रम न केवल हमारे देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देता है, बल्कि हमारे युवाओं को वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर भी प्रदान करता है।

### पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं राजेंद्र

**गोहाना।** पर्यावरण संरक्षण का संदेश लेकर राजेंद्र चौधरी बुधवार को राजस्थान के जोधपुर से सैकड़ों किलोमीटर की दूरी तय करके गोहाना पहुंचे। गोहाना पहुंचने पर उनका स्वागत किया गया।
राजेंद्र चौधरी पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और नशा मुक्ति का संदेश देने के लिए राजस्थान के जोधपुर से लेकर उत्तराखंड में केदारनाथ धाम जा रहे हैं। अपनी इस पैदल यात्रा में बुधवार को वे गोहाना पहुंचे। गोहाना पहुंचने पर आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के संरक्षक आजाद सिंह दांगी के नेतृत्व में सेक्टर 7 स्थित भगवान परशुराम आश्रम में उनका स्वागत किया गया। समारोह में आश्रम के संचालक सुभाष शर्मा, वृद्धाश्रम के पूर्व अध्यक्ष अशोक आर्य, सतबीर पौडिय़ा, पिछड़ा एवं अनुसूचित समाज महासभा गोहाना के अध्यक्ष शेर सिंह बेडवाल, मदनलाल अत्री, राहुल शर्मा व बलवान गुलिया मौजूद रहे।

### पहला सुख निरोगी काया : डॉ. अनंत

**खरखौदा।** इंटर नेशनल नेचरोपैथी ऑर्गनाइजेशन आई एन ओ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अनंत बिरादर ने झिंझौली साधना स्थली में चल रहे पांच दिवसीय वर्ग के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पहला सुख निरोगी काया। इस शिविर में 7 राज्यों के 50 साधकों ने भाग लिया।। शिविर में साधकों ने एनिमा, मिट्टी स्नान,कटि स्नान धूप स्नान तेल मालिश के द्वारा अपने शरीर को सुव्यवस्थित किया। शिविर में डॉ आर एस डबास डॉ विजेता आर्य, डॉ देवाराम काकड़, आईएनओ के डॉ. पूनम आहूजा, डॉ. अशोक, त्रिभुवन, रुस्तम रिंकू, राजेन्द्र आदि की सराहनीय भूमिका रही। मंच संचालन त्रिभुवन ने किया।

## भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर मांगी मन्नतें, कई शिवालयों में हवन व रूद्राभिषेक

# बम-बम भोले के जयकारों से गूंजे शिवालय

### जलाभिषेक के लिए मंदिरों में पहुंचे श्रद्धालु, कावड़िये भी लाए गंगाजल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिलाभर के शिवालयों में बुधवार को मेले जैसा माहौल रहा। मंदिरों में अलसुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। मंदिरों और शिवालयों में शिवभक्तों ने जलाभिषेक किया। विधिविधान से भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर देवाधिदेव महादेव का आशीर्वाद लिया। शिवालय बम-बम भोले व हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठे। मंदिरों में भक्तिमय माहौल रहा। शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिए सुबह से ही मंदिरों में लंबी-लंबी कतारें लगी रही। श्रद्धालुओं के साथ हरिद्वार व गंगोत्री से कांवड़ व डाक कांवड़ लेकर पहुंचे शिव भक्तों ने भी शिवलिंग पर गंगाजल व दूध से जलाभिषेक किया। भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए मंदिरों के बाहर तक लंबी कतारें लगी रहीं। शिवालयों में बम-बम भोले के जयकारों से गूंजे। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग का पंचामृत से अभिषेक किया। बेलपत्र, धतूरा, भांग के पत्ते, फल-फूल व मिठाई चढ़ाकर पूजा-अर्चना की। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर मंदिरों को फूलों व लाइटों से सजाया गया। विभिन्न शिवालयों व मंदिरों में श्रद्धालुओं ने हवन व रूद्राभिषेक कर भोलेनाथ से मनोकामनाएं मांगी। **मंदिरों में की गई थी विशेष तैयारियांः** महाशिवरात्रि पर्व पर शिवालयों में व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रबंधक कमेटियों की ओर से सेवादारों की जिम्मेदारी लगाई गई थी। ककरोई रोड स्थित प्राचीन शंभु दयाल मंदिर, कैलाश कॉलोनी स्थित ओम शिव धाम मंदिर, सेक्टर-23 स्थित शिव मंदिर, मुरथल रोड स्थित शिव मंदिर, सुनारों वाली गली स्थित चिटाने वाली माता मंदिर, मॉडल टाउन स्थित नवदुर्गा माता मंदिर, कामी रोड स्थित काली माता मंदिर व बाबा धाम सिद्धपीठ सहित ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों में जलाभिषेक को लेकर तैयारियां की गई थी। शाम तक मंदिरों में श्रद्धालुओं का आवागमन लगा रहा। रखा व्रत, दिन भर चले भंडारेः श्रद्धालुओं ने अपनी मनोकामना व सुख-समृद्धि के लिए महाशिवरात्रि का व्रत रखा। कुंवारी लड़कियों ने भी उपवास रखकर महादेव की पूजा-अर्चना कर पति की कामना की। शिवलिंग पर जलाभिषेक कर भगवान शिव-मां पार्वती की आराधना की। माना जाता है कि महाशिवरात्रि पर व्रत रखने व उपासना करने से कुंवारी लड़कियों का विवाह जल्द होता है। वहीं महाशिवरात्रि पर शहरभर में कई जगह भंडारा लगाया गया। मान्यता है कि भंडारा लगाने से धन-धान्य की वृद्धि होती है। जहां शिवालयों में आने वाले श्रद्धालुओं को फल वितरित किए गए, वहीं मंदिरों के बार शिव भक्तों व राहगीरों के लिए भंडारा लगाकर भोजन की व्यवस्था की गई।



सोनीपत। शिवरात्रि के मौके पर बगलामुखी विष्णेश्वर महादेव को जलाभिषेक करते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### धूमधाम से निकाली शिव बारात

**सोनीपत।** विकास नगर स्थित हरियाणा वैदिक स्कूल में महा शिवरात्रि के पावन अवसर पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। बच्चों ने शिवजी व पार्वती बनकर बहुत ही सुन्दर भजनों पर नृत्यों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में आकर्षक व भव्य शिव बारात भूतों की टोली के साथ निकाली गई व शिव - पार्वती के विवाह को अनुपम ढंग से प्रस्तुत किया गया। प्राचार्या डॉ. नीलम सांगवान ने कहा कि भोले बाबा सभी पर अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखे व सभी के कार्यो को सफल करें। इस दौरान सुदेश कुमारी, गीतांजली, बबीता, अनु, अवि, वंशिका आदि उपस्थित रहे।

## शिव मंदिरों में बेलपत्र, धतूरा, दूध, दही घी, शहद व गंगाजल से अभिषेक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर सत्संग कीर्तन में उमड़ी महिलाओं की भीड़ ।

उपमंडल के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में बुधवार को महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया । सुबह से ही शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ शुरू हो गई थी और लोगों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। राजलू गढ़ी गांव स्थित शिव मंदिर महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर भजन कीर्तन का आयोजन मंदिर के पुजारी महंत बाबा मोनी नाथ की देखरेख में किया गया । जिसमें आदेश यादव की टीम ने भोले शंकर के भजनों से वातावरण को भक्ति में बनाया । मंदिर के महंत बाबा मोनी नाथ ने बताया कि मान्यता है कि इस दिन की गई भोले शंकर की पूजा का विशेष महत्व है । महाशिवरात्रि के दिन भक्त व्रत रखते हैं और चार प्रहर की पूजा करते हैं। मान्यता है कि इस दिन की गई पूजा से भगवान शिव विशेष रूप से प्रसन्न होते हैं। शिव मंदिरों में बेलपत्र, धतूरा, दूध, दही, घी, शहद और गंगाजल से अभिषेक किया गया। महाशिवरात्रि पर किए गए पूजन से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इस दिन व्रत रखने से सौभाग्य की प्राप्ति होती है। मोनी नाथ बाबा ने कहा कि भगवान शिव की पूजा करने से मनुष्य के सभी संकट व अनिष्ट दूर होते हैं और सुख-शांति, वैभव व सौभाग्य की प्राप्ति होती है।

साथ ही उन्हें मानव धर्म के चार फल प्राप्त होते हैं। यानि अर्थ, धर्म, काम व मोक्ष की भी फल मिलता है। मोनी नाथ महाराज ने कहा कि भगवान शिव के लिए भी गणपति महाराज प्रथम पूज्य थे। भगवान ने स्वयं उन्हें यह वरदान दिया लेकिन वे भी एक बार इस बात की अवहेलना की और विपत्ति का शिकार हुए थे। बाद में भगवान शिव ने त्रिपुरासुर राक्षस का वध करने से पहले कैलाश पर्वत पर गणपति पूजन किया और उसके बाद विजय प्राप्त की थी। भगवान शिव ने कहा है कि जो भी कार्य करने से पहले गणपति महाराज का पूजन करते हैं उनके जीवन में यश, वैभव, कीर्ति, धन-धान्य की कोई कमी नहीं रहेगी। कार्यक्रम में काफी संख्या में महिलाओं की भीड़ उमड़ी ।

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने मनाया संकल्प दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

डॉ. बीआर अम्बेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, सोनीपत की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा संकल्प दिवस के अवसर पर आयोजित शपथ समारोह में छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों ने शपथ ली कि हम भारत के नागरिक होने के नाते यह दृढ़ संकल्प लेते हैं कि हम अपने राष्ट्र की अखंडता और संप्रभुता को सदा बनाए रखने के लिए सतत प्रयासरत रहेंगे। इसके साथ ही यह भी प्रतिज्ञा की, कि एक जिम्मेदार भारतीय नागरिक के रूप में हम निरंतर प्रयास करेंगे कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के भू-भाग, जो पाकिस्तान और चीन के अवैध कब्जे में हैं, उन्हें पुनः प्राप्त करेंगे। इस दौरान एक डाक्यूमेंट्री भी दिखाई गई जिसमे बताया गया है कि किस तरह से इन दोनों देशों ने भारत के कुछ भाग को अवैध रूप से कब्जाया हुआ है। कुलपति प्रो. अर्चना मिश्रा ने कहा कि हम सब भारतवासियों के कर्तव्य है कि पाकिस्तान और चीन के द्वारा अवैध रूप से भारत के भाग को इन दोनों देशों से स्वतंत्र करवांने के लिए प्रयत्नशील रहना हर नागरिक का कर्तव्य है।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान शपथ लेते विद्यार्थी साथ में अन्य। फोटो :हरिभूमि

### कुंडीय यज्ञ में वेदमंत्रों के उच्चारण के साथ दी आहुति


**सोनीपत।** महर्षि दयानंद बोध उत्सव एवं शिवरात्रि पर्व के अवसर पर महर्षि दयानंद सर्वाधितकारी समिति, ग्राम बीधल द्वारा बुधवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ आचार्य संदीप आर्य दर्शनाचार्य के मार्गदर्शन में 21 कुण्डीय यज्ञ द्वारा हुआ। उन्होंने ईश्वर के शिव स्वरूप को विस्तार के साथ बताया कि शिवरात्रि के ही दिन ऋषि दयानंद को ईश्वर के सत्य स्वरूप का बोध हुआ था। भजनोपदेशक रामनिवास आर्य ने यज्ञ का महत्व प्रतिपादित करते हुए इसे दैनिक जीवन में करने की प्रेरणा प्रदान की। समिति प्रधान विजय मलिक ने ग्रामवासियों से विशुद्ध पद्धति से कृषि उत्पादन करने की प्रेरणा प्रदान की, जिससे हमें शुद्ध अन्न की प्राप्ति हो सके। आर्य समाज सेक्टर 14 के प्रधान रवीन्द्र आर्य ने शिवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं देते हुए अपने परिवार को संस्कारित करने की बात रखी।

# रक्तदान कर प्रभु शिव को किया नमन

- महाशिवरात्रि पर गांव पूठी के शिव मंदिर में रक्तदान शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बुधवार को गांव पूठी के शिव मंदिर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 55 नागरिकों ने रक्तदान करके प्रभु शिव व मां पार्वती को नमन किया।शिविर के मुख्य अतिथि समाजसेवी कृष्ण दलाल और आहुलाना बारहा के प्रधान मलिक राज मलिक थे। अध्यक्षता जयपाल सिंह दलाल ने की। संयोजन रणवीर सिंह दहिया का रहा। यह शिविर सरपंच आनंद धनखड़ और पूर्व सरपंच रामकुमार सिंह के सानिध्य में आयोजित हुआ। शिविर में पारीवारिक रक्तदाताओं में दो भाई बहन कवि शर्मा और अंजलि, दंपति राजकुमार मलिक और रविता मलिक, दो सगे भाई रविंद मलिक और जगजीत मलिक, पिता-पुत्र विनोद कुमार और अंकुज, भतीजे अनुज व अंकुर दलाल, नियमित रक्तदाताओं में महिला भावना, कुलवीर सिंह, नवनीत, प्रवीन, रविन्द्र, अमित दहिया, अश्विनी कुमार, प्रेमवीर दलाल, प्रदीप और हितेश सहित 55 लोगों ने रक्तदान किया।



गोहाना। शिविर में रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते अतिथि व आयोजक।

### अभियान चलाकर एकत्रित किए पॉलीथिन

**सोनीपत।** ब्रह्मनगर के रहने वाले अजय पांचाल और उनकी टीम ने जिले को पॉलिथीन मुक्त करने का संकल्प लेकर अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत बुधवार को हिंदू कॉलेज के सामने रेलवे लाइन के पास पड़े कचरे से पॉलिथीन इकट्ठा किए गए। अजय पांचाल ने बताया कि उनकी यह मुहिम लगातार जारी रहेगी। जिसके तहत न सिर्फ पॉलिथीन इकट्ठा कर रहे हैं, बल्कि लोगों को भी पॉलिथीन से होने वाली हानियों से अवगत कराते हुए इससे दूरी बनाने और कपड़े के थैले का प्रयोग करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। पॉलिथीन मुक्त अभियान के संचालक एवं ब्रह्म कॉलोनी निवासी अजय पांचाल ने बताया कि उन्होंने व उनकी टीम ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले में गंगा स्नान कर अभियान की शुरूआत की थी।



सोनीपत। कूड़े में से पॉलीथिन निकालते अजय पांचाल एवं अन्य।




गन्नौर। पीठाधीश्वर श्रीमहंत राजेश स्वरुप महाराज उत्सव में पहुंचे अतिथियों व कलाकारों का सम्मान करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### सात दिवसीय सतकुंभा उत्सव संपन्न

**गन्नौर।** सात दिवसीय सतकुंभा उत्सव पूरे धार्मिक उत्साह और श्रद्धा के साथ महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर संपन्न हुआ। इस अद्वितीय उत्सव में शिव स्तोत्र महायज्ञ, सांस्कृतिक और धार्मिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ महाकुंभ अमृत स्नान, अनंत भंडारा और पूर्ण आहुति जैसे दिव्य कार्यक्रमों ने लाखों भक्तों को आध्यात्मिक आनंद से सराबोर किया। सिद्धपीठ तीर्थ सतकुंभा धाम के पीठाधीश्वर श्रीमहंत राजेश स्वरुप महाराज ने सतकुंभा धाम के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह स्थान अत्यंत पावन और ऐतिहासिक है। यहां सप्तऋषियों ने कठोर तपस्या की थी, जिसके कारण इसे सत अर्थात सत्य परमात्मा का कुंभ कहा जाता है। सात दिवसीय इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण शिव स्तोत्र महायज्ञ रहा। हरियाणा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश से आए विद्वान वेदपाठियों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ इस भव्य यज्ञ में हजारों श्रद्धालुओं ने लाखों आहुतियां अर्पित कीं, जिससे न केवल वातावरण शुद्ध हुआ बल्कि विश्व कल्याण के लिए प्रार्थना भी की गई। पीठाधीश्वर राजेश स्वरुप महाराज, श्री लज्जाराम आश्रम ट्रस्ट की उपाध्यक्ष डॉ. कांता शर्मा ने आहुति दी।

### डिजिटल लिटरेसी के कॉन्सेप्ट से करवाया अवगत

**खरखौदा।** कन्या महाविद्यालय खरखौदा में डॉ पूनम यादव के नेतृत्व में एनएसएस यूनिट वन के तत्वाधान जारी सात दिवसीय शिविर के छठे दिन स्वयं सेविकाओं ने सुबह प्रभात फेरी व योग से किया। प्रातः 10 बजे हमारे महाविद्यालय में डॉ उषा दहिया एसोसिएट प्रोफेसर इन पॉलिटिकल साइंस सी आर ए कॉलेज से रिसोर्स पर्सन के रूप में पहुंची। उन्होंने अपनी जिंदगी से जुड़े कुछ पहलुओं को स्वयं सेविकाओं के साथ साझा कर उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने स्वयं सेविकाओं को एनएसएस द्वारा आयोजित किए जाने वाले कैंप से अवगत करवाया। कैंप की शाम की रिसोर्स पर्सन डॉक्टर रुचिका एसोसिएट प्रोफेसर जीवीएम कॉलेज सोनीपत से आई। उनके व्याख्यान का विषय यूथ फॉर माय भारत और यूथ फॉर डिजिटल लिटरेसी था। उन्होंने स्वयं सेविकाओं को पीपीटी के माध्यम से डिजिटल लिटरेसी के कॉन्सेप्ट से अवगत करवाया। डॉ पूनम यादव के नेतृत्व में मेहंदी कंपटीशन आयोजित किया गया।




खरखौदा। विजेता छात्रा को सम्मानित करते कार्यक्रम अधिकारी।



भंडारे के दौरान श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित करते विधायक निखिल मदान।

### महाशिवरात्रि भक्ति व श्रद्धा का प्रतीक : मदान

**सोनीपत।** विधायक निखिल मदान ने बुधवार को महाशिवरात्रि के पर्व पर सोनीपत में विभिन्न जगहों पर आयोजित भजन कीर्तन और भंडारों में भाग लिया। विधायक निखिल मदान ने शहर के 4 मरला हनुमान मंदिर शिवालय,शास्त्री कालोनी शिव मंदिर ,सेक्टर 13 शिव मंदिर, बालाजी मंदिर सिद्धार्थ एनक्लेव में पहुंच कर श्रद्धालुओं को महाशिवरात्रि की शुभकामनायें दी और भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। इसके बाद विधायक निखिल मदान ने महाशिवरात्रि के अवसर पर सेक्टर 15 बिहारी मार्केट, मॉडल टाऊन में आयोजित भंडारों में हिस्सा लिया। विधायक निखिल मदान ने कहा कि महाशिवरात्रि का पर्व हम सबके लिए आस्था का प्रतीक है और देवों के देव महादेव ही इस सृष्टि के कर्ता धर्ता है। भगवान शिव अनादि और अनंत है और अपने सभी भक्तों के दुःख दूर करते है। भगवान शिवजी की आराधना करने वाले भक्त की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। भोलेनाथ समस्त जग का कल्याण करने वाले हैं।



गन्नौर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी एवं आध्यात्मिक टीचर बीके अर्चना बहन कार्यक्रम के दौरान । फोटो :हरिभूमि

### शिव शब्द का शाब्दिक अर्थ कल्याणकारी : बीके अर्चना

गन्नौर । प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउंट आबू की गन्नौर शाखा में महाशिवरात्रि पर कार्यक्रम आयोजित किया गया मौके पर राजयोगिनी एवं आध्यात्मिक टीचर बीके अर्चना बहन ने महाशिव रात्रि के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिव शब्द का शाब्दिक अर्थ कल्याणकारी है, हमें सदा परमात्मा स्नेह में समाते लोगों की भलाई के लिए काम करना है। हर एक के साथ मधुरता संपन्न व्यवहार करना है। सम्मानजनक बोल बोलने हैं व अपनी सूक्ष्म वृत्तियों को भी पवित्र बनाकर वायुमंडल को शक्तिशाली बनाना है। बीके बहन ने कहा कि हम पांच विकारों के प्रभाव से मुक्त रहेंगे और उनसे प्राप्त होने वाले कष्टों व भोगनाओं का बुरे कर्मों का आह्वान नहीं करेंगे।महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि जो भी कदम बढ़ेगा अच्छाई की तरह बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि दिव्य संदेश है। हम परमात्मा शिव को प्रेम से याद करके, अपने सभी पाप से मुक्त हो सकते हैं। शिवरात्रि पर्व में सारी रात जागने का यही महत्व है कि वर्तमान में जब सारा संसार अज्ञान की घोर रात्रि में सुषुप्त है, तब हम हमारे कर्मों के प्रति पूर्णतः जागृत हो जाएं।

## भगवान को प्रसन्न करने के लिए प्राचीन शिव मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

# महाशिवरात्रिः धनाना के शिव मंदिर में लगा विशाल मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

बुधवार को महाशिवरात्रि का पर्व क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए श्रद्धालुओं ने शिवलिंग का जलाभिषेक कर मन्नतें मांगी और शिवालय हर-हर महादेव के उद्घोष से गूंज उठे। इस पर्व की बेला में गांव धनाना स्थित श्री प्राचीन सिद्ध पीठ शिव मंदिर में विशाल मेला लगा जिसमें लोगों ने अपनी पसंदीदा चीजें खरीदने के साथ झूले-झूलने का खूब लुत्फ उठाया। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में खूब उत्साह दिखाई दिया। शिवलिंग के जलाभिषेक के लिए श्रद्धालु हरिद्वार से कांवड़ों में गंगाजल लेकर पहुंचे। इसी क्रम में गांव धनाना गांव स्थित प्रसिद्ध प्राचीन सिद्ध पीठ शिव मंदिर में भी हर वर्ष की भांति विशाल मेला लगा, जिसमें महिलाओं और बच्चों ने खूब खरीददारी की और झूले-झूलने का लुत्फ उठाया। मंदिर में भारी तादाद में श्रद्धालुओं ने पहुंच कर शिवलिंग का जलाभिषेक करके अपने परिवार व समाज के कल्याण के लिए मन्नतें मांगी। मान्यता है कि मंदिर में सच्चे मन से पूजा-अर्चना करने पर हर मन्नत पूरी होती है। मंदिर में पुराने समय से ही सावन के महीने में शिवरात्रि और फाल्गुन के महीने में महाशिवरात्रि पर मेले लगते हैं। इन दोनों अवसरों पर मंदिर में देश के विभिन्न क्षेत्रों से भारी तादाद में श्रद्धालु पूजा करने के लिए आते हैं।







### जमीन से निकला था शिवलिंग

ग्रामीणों का कहना है कि करीब 250-300 साल पहले क्षेत्र में बारिश न होने से सूखा अकाल पड़ा था। तब ग्रामीणों द्वारा पानी की तलाश में खोदाई के दौरान जमीन से शिवलिंग निकला था। उसके बाद ग्रामीणों ने यहां भगवान शिव का मंदिर बनवा दिया। मंदिर में फाल्गुन और सावन के महीने में वर्ष में दो बार विशाल मेले लगते हैं। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु यहां पूजा-अर्चना करने आते हैं और मन्नतें मांगते हैं।

## खबर संक्षेप



खरखौदा। विद्यार्थियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते सुमन दहिया

### महाशिवरात्रि पर स्कूल में कराई प्रतियोगिता

**खरखौदा।** दिल्ली मार्ग स्थित जेबीएच स्कूल में महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पहले पहल विद्यार्थियों ने शिव, पार्वती की स्तुति करके उन्हें नमन किया। विद्यार्थियों ने भगवान शिव शंकर को समर्पित भजनों की प्रस्तुति देकर प्रतियोगिता में भाग लिया। इस मौके पर प्राचार्या सुमन दहिया ने विद्यार्थियों को महाशिवरात्रि के महत्व की जानकारी देते हुए भगवान शिव की आराधना करने के लिए प्रेरित किया। इस प्रतियोगिता में जेंसी ने प्रथम, प्रेरणा ने द्वितीय, वंश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता विद्यार्थियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कविता गर्ग , प्रीती दहिया वंदना दहिया ,पलक शुक्ला, कविता पांचाल ,मंजू दहिया आदि अध्यापक गण मौजूद रहे।



### मादक पदार्थ तस्करी के तीन आरोपित काबू

**सोनीपत।** क्राईम यूनिट सेक्टर-3 सोनीपत पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी की वारदात में शामिल तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित कृष्ण निवासी क्रिस्चियन कॉलोनी, बलराम निवासी निरंकारी कॉलोनी, इमरान निवासी वजीराबाद दिल्ली का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से अदालत ने तीनों को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

## विजय संकल्प यात्रा में पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, जगह-जगह स्वागत

# तीन गुणा तेज गति से काम करेगी ट्रिपल इंजन सरकार : सीएम सैनी

धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों ने जगह-जगह पर पुष्प वर्षा कर मुख्यमंत्री का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को भाजपा के मेयर प्रत्याशी राजीव जैन के समर्थन में निकाली गई विजय संकल्प यात्रा में शामिल होकर जनता से भाजपा के पक्ष में वोट की अपील की। मुख्यमंत्री के इस रोड शो में भारी जनसमूह उमड़ा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सोनीपत की जनता पर मुझे पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार प्रदेश में काम कर रही है। ट्रिपल इंजन की सरकार तीन गुणा तेज गति से काम करेगी। प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार बनते ही तेजी से विकास होगा। जगह-जगह पर मुख्यमंत्री पर फूलों की वर्षा कर स्थानीय लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। सभी धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों ने भी विजय संकल्प यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का स्वागत किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, विधायक निखिल मदान, पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन, पूर्व विधायक अनिल ठक्कर, जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा, डा. ओमप्रकाश आत्रेय, ललित बत्रा, योगेशपाल अरोड़ा, नीरज आत्रेय, तरुण देवीदास सहित नेता भी विजय संकल्प यात्रा का हिस्सा बने। रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सोनीपत में किसी तरह की कमी नहीं रहने दूंगा। पिछले विधानसभा चुनाव में भी प्रदेश की जनता ने कांग्रेस के भ्रष्टाचार को भांपते हुए कांग्रेस को हार का रास्ता दिखा दिया था, जिससे प्रदेश में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने युवाओं को नौकरी देने की बात कही तो कांग्रेस के नेता चुनाव आयोग चले गए और भर्ती रूकवा दी, लेकिन मैंने सीएम पद की शपथ लेने से पहले 25 हजार युवाओं को नौकरी दी।



**सोनीपत।** विजय संकल्प यात्रा के दौरान लोगों का अभिवादन करते हुए सीएम नायब सैनी साथ में विधायक निखिल मदान, पूर्व मंत्री एवं अन्य।

### दोपहर बाद शुरू हुई यात्रा, तीन बार बदला गया समय

भाजपा की विजय संकल्प यात्रा बुधवार दोपहर में शहर के अग्रसेन चौक से शुरू हुई। यह यात्रा मुरथल अड्डा, बस अड्डा, गीता भवन चौक, फ्लाईओवर, मिशन चौक से होते हुए कई घंटों बाद खाटू श्याम मंदिर पर संपन्न हुई। ढोल नगाड़ों के साथ जैसे ही रोड शो शुरू हुआ स्थानीय दुकानदारों ने भी फूल बरसाकर और मालाएं पहनाकर विजय संकल्प यात्रा में शामिल नेताओं का स्वागत किया। विजय संकल्प यात्रा में मोटरसाइकिल पर सवार भाजपा कार्यकर्ताओं भी साथ रहे। बता दें कि यात्रा का समय पहले 1 बजे रखा गया था, लेकिन बुधवार को ही संशोधित समय साढ़े 3 बजे का रखा गया था। लेकिन सीएम 5 बजे के बाद पहुंचें, जिसके बाद ही यात्रा शुरू हो पाई।

### इन नेताओं ने भाजपा का दामन थामा

विजय संकल्प यात्रा दौरान विपक्षी दलों के कई नेताओं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के समक्ष भाजपा का दामन थामा। कांग्रेस महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष शीला आंतिल ने अपनी पूरी टीम के साथ कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आस्था व्यक्त की। इसके अलावा कांग्रेस महिला मोर्चा की उपाध्यक्षा मंजू मलिक, आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नकीन मेहरा, वरिष्ठ आप नेता सतीश राज देशवाल, नगर परिषद सोनीपत के पूर्व वाइस चेयरमैन सुरेश तुषीर, कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्र जोगी, जिला बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव वीरेंद्र दुहन, शहरी इनेलो युवा अध्यक्ष सूरज जैन एडवोकेट, कांग्रेसी कार्यकर्ता सागर वालिया व पुष्पा मलिक ने भी भाजपा ज्वाइन की।

## अटेरना में बिजली का ट्रांसफार्मर व बिंदरौली से तार चोरी, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सदर थाना क्षेत्र व राई थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों से ट्रांसफार्मर व बिंदरौली से तार चोरी होने के मामले सामने आया है। चोरी की वारदातों को बिजली निगम को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। मामलों को लेकर विभाग की तरफ से पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमें दर्ज कर लिए है। पुलिस मामलों की गंभीरता से जांच कर रही है। बिजली निगम राई के उपमंडल अधिकारी रविंद्र पंवार ने पुलिस को बताया कि अटेरना के पास लगे बिजली ट्रांसफार्मर से तीन बिजली कनेक्शन जुड़े थे। बिजली आपूर्ति प्रभावित होने पर कर्मचारी जांच के लिए पहुंचे तो ट्रांसफार्मर गायब मिला। रात को चोर बिजली ट्रांसफार्मर चोरी कर उसका सामान चोरी कर ले गए। शिकायत पर थाना कुंडली पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। वहीं, गांव बिंदरौली के पास से चोर 11केवी रोहट फिटर की लाइन गुजर रही है। चोर यहां से बिजली की तार चोरी कर ले गए। जिसकी कीमत करीब 1.60 लाख रुपये है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। जल्द ही चोरों का पता लगाकर गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है।

### एक भाई के साथ पैसे के लेनदेन में दूसरे भाई को पीटा

**गोहाना।** शहर में उत्तम नगर में रहने वाले सुशील कुमार अपने छोटे भाई से अलग रहते हैं। कुछ लोगों का उसके भाई से पैसे के लेन-देन है। एक आरोपित उसकी रेहड़ी पर पहुंचा और उससे मारपीट की। शहर थाना गोहाना में मामला दर्ज किया गया। सुशील कुमार ने पुलिस को बताया कि वह पुराना बस स्टैंड पर बिस्कुट व नमकीन की रेहड़ी लगाता है। उसका छोटा भाई नवीन उर्फ ज्योति उससे अलग रहता है। उसके भाई का रेलवे कालोनी के सुमित के साथ पैसों का लेन-देन है। वह अपनी रेहड़ी पर था और उसके पास सुमित आया और पैसे के लेन-देन को लेकर उससे गाली देने लगा। उसने कहा कि वह नवीन से अलग रहता है और मुझे नहीं पता है कि तुम्हारा क्या लेन-देन है। वह चलने लगा तो उसका रास्ता रोककर वह मारपीट करने लगा। जब आसपास के लोग एकत्रित हुए तो वह कहने लगा कि अपने भाई से मेरे पैसे दिलवा दो, नहीं तो तुझे भी जान से मार देगा। सुशील ने अस्पताल पहुंचकर उपचार कराया और पुलिस को शिकायत दी।

# महाशिवरात्रि पर करवाया 11 कुंडीय महायज्ञ

- शिवा शिक्षा सदन में महायज्ञ हुआ संपन्न, स्वामी दयानंद यति महाराज रहे उपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

आज महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शिवा शिक्षा सदन, सोनीपत (हरियाणा) में 25वां 11 कुंडीय महायज्ञ विधि-विधानपूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन में स्वामी दयानंद 'यति' महाराज की उपस्थिति मुख्य रही, उन्हीं के सान्निध्य में यज्ञ का आयोजन पूर्ण हुआ। महायज्ञ के दौरान स्वामी दयानंद 'यति' महाराज के आशीर्वचन एवं प्रवचन का भी आयोजन किया गया। उन्होंने धर्म, अध्यात्म और जीवन के मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए भगवान शिव से संबंधित प्रेरणादायक प्रसंग प्रस्तुत किए, जिससे उपस्थित भक्तगण भावविभोर हो उठे। उन्होंने भगवान शिव के त्याग, तपस्या और करुणा को जीवंत कथा रूप में सुनाया तथा शिव के वैराग्य और सरल जीवन पर प्रकाश डाला, जो आज के भौतिकवादी युग में एक प्रेरणास्त्रोत है। कार्यक्रम में विशेष आकर्षण के रूप में शिवा शिक्षा सदन के पूर्व छात्र एवं प्रसिद्ध गायक राजीव शास्त्री ने अपनी मंडली के साथ उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने भगवान शिव के मधुर और भक्तिमय भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिसने पूरे वातावरण को शिवमय बना दिया। उनके द्वारा प्रस्तुत भोले के भजनों की सुमधुर धुनों ने श्रोताओं को भक्ति और श्रद्धा के सागर में डुबो दिया। उपस्थित भक्तगणों ने ताली बजाकर राजीव शास्त्री एवं उनकी मंडली का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री कविता जैन भी मौजूद रही। अंत में, विद्यालय निदेशक अरुण बंसल ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। वहीं विद्यालय प्रबंधक वीरेंद्र बंसल ने सभी को आशीर्वाद एवं प्रेरणा प्रदान की। तत्पश्चात, श्रद्धालु भक्तजनों को प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान महासचिव हंसराज तनेजा, प्रधानाचार्या अल्का विज, संयोजिका ज्योति शर्मा, अर्चना कामरा मौजूद रहे।



**सोनीपत।** महायज्ञ के दौरान विद्यालय निदेशक अरुण बंसल, महासचिव हंसराज तनेजा आहुति देते हुए। फोटो :हरिभूमि

# निगम में फैले भ्रष्टाचार को समाप्त करना पहली प्राथमिकता : कमल

- कांग्रेस प्रत्याशी कमल दिवान ने भाजपा प्रत्याशी पर साधा निशाना, कहा 10 साल जनता के लिए कुछ नहीं किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कांग्रेस के मेयर प्रत्याशी कमल दिवान ने कहा कि भाजपा राज में अब तक नगर निगम क्षेत्र में सिर्फ बदहाली और भ्रष्टाचार ही फैला हुआ है। नगर निगम क्षेत्र में शामिल गांवों के संसाधनों का इस्तेमाल तो किया, लेकिन बदले में ग्रामीणों को अनदेखी झेलनी पड़ी। निगम में फैले भ्रष्टाचार को समाप्त करना उनकी पहली प्राथमिकता है। यही नही शहर के साथ-साथ सोनीपत नगर निगम क्षेत्र में शामिल प्रत्येक गांव में एक समान रूप से विकास कार्य करवाए जाएंगे। दिवान बुधवार को ककरोई, फाजिलपुर, लहराड़ा, रघुवीर दल, निरंकारी भवन, शाहपुर तुर्क, कालूपुर, शिव कॉलोनी, पटेल नगर, दहिया कॉलोनी, शास्त्री कॉलोनी, छोटी मस्जिद, वैक्शन कॉलोनी, विशाल नगर, इंद्रपुरी, आदर्श नगर सहित विभिन्न क्षेत्रों में सभाओं को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान कमल दीवान ने कहा कि उनके पिता ने जीवनभर लोगों की सेवा की थी। इसी सेवा भाव से वे भी अब राजनीति में आए हैं। भाजपा पर तीखा वार करते हुए उन्होंने कहा कि जो लोग वोट मांगने के लिए समाज के बीच पहुंच रहे हैं, उन लोगों ने दस साल में सोनीपत की जनता के लिए कुछ नहीं किया। लोग आज भी सीवर जाम, पानी निकासी, पेयजल किल्लत जैसी समस्याओं से संघर्ष कर रहे हैं।



कांग्रेस प्रत्याशी कमल दिवान के जनसंपर्क अभियान के दौरान नारे लगाती महिलाएं।



**सोनीपत।** श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में जूस देते हुए।

## महाशिवरात्रि पर लगाया जूस का लंगर

**सोनीपत।** संस्था सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव भक्तों के लिए जूस का लंगर लगाया गया। संस्था से सुरेश शर्मा ने बताया कि ये लंगर कैलाश कालोनी के शिव मंदिर के पास तथा सेक्टर-23 के शिव मंदिर में लगाये गये। संस्था से पवन पाराशर ने महाशिवरात्रि के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि पारिवारिक परिस्थितियों में मग्न लोग महाशिवरात्रि को शिव के विवाह के उत्सव की तरह मनाते हैं। इस अवसर दीपक, धर्मचंद रोहिला ,रामनिवास,परवीन,आदि मौजूद रहे।

### सेफ इंडिया फाउंडेशन ने करवाई जरूरतमंद लड़की की शादी

**सोनीपत।** सेफ इंडिया फाउंडेशन द्वारा मंगलवार को अग्रसेन भवन सेक्टर 14 में एक जरूरतमंद कन्या का विवाह करवाया गया। चेयरमैन वाईके त्यागी व प्रधान संजय सिंगला ने बताया कि संस्था द्वारा समय समय पर जरूरतमंद कन्याओं की शादी करवाई जाती है। जोकि अब तक 155 से ऊपर जरूरतमंद कन्याओ की शादी संस्था द्वारा करवाई जा चुकी है। इसमें संस्था दान दाताओं के सहयोग से कन्या की पूरी शादी करवाती है। जरूरत का सारा सामान दिया जाता है एवं भोजन की व्यवस्था भी करवाई जाती है। संस्था की खासियत यह है कि इस शादी समारोह में संस्था का कोई बैनर आदि नहीं लगाया जाता एवं ना ही संस्था का कोई व्यक्ति शादी में नहीं जाता। वर-वधु और उनके परिवारों की पहचान गुप्त रखी जाती है ताकि उनके मान सम्मान को कोई ठेस ना पहुंचे। आज की शादी की को-ऑर्डिनेटर शालू त्यागी ने बताया की घरेलू सामान दिया गया।



शादी के लिये लाया गया घरेलू सामान।

# प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार कर रही काम : राजीव जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार व सोनीपत से भाजपा के मेयर प्रत्याशी राजीव जैन ने बुधवार को अपना जनसंपर्क अभियान तेज करते हुए नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार की तरफ से क्रियान्वित हो रहीं जनकल्याणकारी और जनहितैषी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंच रहा है। उन्होंने शिव मंदिर में पूजा कर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। उन्होंने सलारपुर माजरा में शिव मंदिर का हवन पूजन कर उद्घाटन किया और भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन, जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा, पूर्व विधायक अनिल ठक्कर, रविंद्र कौशिक, नवीन मंगला, जिला मीडिया प्रभारी नीरज आत्रेय आदि मौजूद रहे। राजीव जैन ने मन मंदिर के सामने मेटल हेल्थ क्लब, विकास नगर, महलाना रोड, मालवीय नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, रोहतक रोड, मिर्च मंडी, धानक बस्ती, आर्य नगर, तीन नलकों वाली गली, पहाड़ी वाली गली, वेस्ट राम नगर, सुभाष नगर, प्रेम नगर ककरोई रोड, श्री श्याम बालाजी सेवा मंडल, गढ़ी घसीटा, झंडी रोड, ईदगाह, मयूर विहार, देवीलाल कॉलोनी में संबोधित किया।



जनसंपर्क अभियान के दौरान कार्यक्रम में पहुंचें भाजपा प्रत्याशी राजीव जैन

### आप के सोनीपत लोकसभा अध्यक्ष देवेन्द्र गौतम डिटेन

**सोनीपत।** मुख्यमंत्री आगमन से ठीक पहले आप के सोनीपत लोकसभा अध्यक्ष देवेन्द्र गौतम को हरियाणा पुलिस द्वारा डिटेन किया गया। एक दिन पहले देवेन्द्र गौतम ने एक वीडियो के माध्यम से भाजपा मेयर प्रत्याशी के समर्थन में वोट अपील करने आ रहे मुख्यमंत्री नायब सैनी से कुछ सवाल किए थे। उन्होंने कहा था की सोनीपत की जनता से वोट अपील करने से पहले सवालों के जवाब जरूर देकर जाए। सवाल पूछने जा रहे आप नेता देवेन्द्र गौतम को कार्यक्रम स्थल से ठीक 400 मीटर पहले डिटेन किया गया है। देवेन्द्र गौतम ने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत सभी नागरिकों को बोलने और अभिव्यक्ति की आज़ादी है। लेकिन भाजपा सरकार में अघोषित इमरजेंसी लागू है जिसके मद्देनज़र अनुच्छेद 19 (1)(ए) का सरेआम गला घोटा जा रहा है। देवेन्द्र ने कहा जो सवाल मेरे नहीं जनता के हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

# विधायक के दिशा निर्देशानुसार मुख्य मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

पब्लिक हेल्थ विभाग ने दिल्ली चौक से थाना कलां चौक के बीच पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़क किनारे खुदाई कराई है। जिससे यातायात बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। सड़क और नाले के बीच का समतल हिस्सा डिस्टर्ब होने से दुकानदारों को परेशानी हो रही है। ग्राहकों दुकानों तक पहुंचने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर पालिका सचिव पंकज जून ने ठेकेदारों को स्थिति को सुधारने के निर्देश दिए हैं। ठेकेदारों ने रात में काम कर मिट्टी हटा दी। कुछ जगहों से ज्यादा मिट्टी हटने से दुकानदार नाराज हो गए। अगली रात ठेकेदारों ने पत्थर डालकर बेस मजबूत किया और काम आगे बढ़ाया। तब जाकर दुकानदार संतुष्ट हुए। दुकानदारों का कहना है कि पिछले तीन-चार महीनों से वे कई बार परेशान हो चुके हैं। अब जल्द से जल्द काम पूरा किया जाए, ताकि दुकानों के आगे पानी न भरे और ग्राहकों की उन तक सहज से पहुंच हो सके। दुकानदारों ने विधायक पवन खरखौदा से शिकायत की थी।



### भगवान के प्रति समपर्ण की भावना आवश्यक : प्रीति

**गोहाना।** शहर में पुरानी सब्जीमंडी के समीप स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर शिवाला मस्तनाथ में बुधवार को श्रीमद् भागवत कथा का चौथा दिन रहा। समारोह में श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण कर परमात्मा में ध्यान लगाया। कथावाचक वृंदावन धाम से प्रीति रामानुज ने कहा कि भगवान के प्रति पूर्ण समर्पण का भाव होना आवश्यक है। जो भक्त खुद को भगवान को समर्पित कर देते हैं भगवान उसकी सदैव रक्षा करते हैं। प्रीति रामानुज ने कहा कि भागवत कथा का सच्चे मन से श्रवण करने से जीवन के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। समारोह की अध्यक्षता मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रवीन गोयल ने की। संयोजन मंडल में पुजारी ललित पांडे, मंदिर समिति के प्रतिनिधि ओडी शर्मा, वीरेंद्र जैन, अशोक जैन, गोविंद गोयल, रामनिवास सैनी, चन्द्रशेखर शर्मा, अरुण सैनी, रमेश मेहता, पालेराम धीमान, तिलक सेतिया, हिमांशु वर्मा, रामबीर और कुलदीप गोयल शामिल रहे।



प्रीति रामानुज

**खेल** | माता सुदीक्षा महाराज व निरंकारी राजपिता रमित ने किया विधिवत उद्घाटन

# 25वां बाबा गुरबचन सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

जीटी रोड स्थित संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल पर बुधवार को 25वें बाबा गुरबचन सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ हुआ। सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज और निरंकारी राजपिता रमित ने टूर्नामेंट का विधिवत उद्घाटन किया। 26 फरवरी से 12 मार्च तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में देशभर से 24 सर्वश्रेष्ठ टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिनमें पंजाब, जम्मू, हिमाचल, हरियाणा, दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और गुजरात की टीमें शामिल हैं। टूर्नामेंट का संचालक एवं संत निरंकारी मंडल सचिव जोगिंदर सुखीजा ने बताया कि टूर्नामेंट के लिए रिहायश, चिकित्सा सेवाएं, जलपान, आपातकालीन सहायता, सुरक्षा और पार्किंग जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल खेल तक सीमित नहीं है, बल्कि युवा खिलाड़ियों के लिए आध्यात्मिक प्रेरणा का भी स्त्रोत है। प्रतिदिन आयोजित सत्संग कार्यक्रमों के माध्यम से प्रतिभागियों को मानसिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा और आत्मिक उन्नति का मार्ग मिलेगा।



टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ी सतगुरू माता सुदीक्षा महाराज के प्रवचन सुनते हुए।

### खेल टीम वर्क का संदेश देते हैं

इस अवसर पर सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज ने कहा कि बाबा गुरबचन सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट केवल खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि सद्भाव, अनुशासन और समर्पण का प्रतीक है। यह आयोजन खेल से परे जीवन के महत्वपूर्ण मूल्यों को सशक्त बनाने का एक सुंदर माध्यम बन रहा है। यह खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि सौहार्द, सम्मान और टीम वर्क का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी भाईचारे और समर्पण की भावना से खेल का आनंद लेंगे। हर मुकाबले की शुरुआत आपसी सम्मान और नमन से करेंगे।